>

Title: Need to make CNG gas available in Gujarat at the similar cost as in Delhi and Mumbai.

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि अहमदाबाद एवं गुजरात के अन्य शहरों में दिल्ली और मुम्बई की तरह सस्ती सीएनजी गैस उपलब्ध कराई जाए। अहमदाबाद और गुजरात के अन्य शहरों में जो बाहर से गैस मंगवाते हैं, वह बहुत महंगी पड़ती है। इसीसिए मेरा निवेदन है कि गुजरात में भी सस्ती गैस मुहैया कराई जानी चाहिए।

गुजरात सरकार गैस सब्सिडी के रूप में केन्द्र सरकार के तकरीबन 660 करोड़ रुपये बचत करने में सहयोग देती है। गुजरात सरकार ने पाइपलाइन के जरिये करीबन 8.7 लाख घरों में गैस मुहैया करवाई है। इसी वजह से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं लेना पड़ता है। इस हिसाब से केन्द्रीय गैस कंपनियों के 21356 सिलेंडर में सब्सिडी की बचत होती है जो कुल मिलाकर 281 करोड़ रुपये है। इसी तरह गुजरात सरकार समग्र राज्य में 242 सीएनजी आउटलेट के तहत तकरीबन 2 लाख 60 हजार वाहनों को सीएनजी गैस उपबल्ध करवाती है। इसी तरह पैंट्रोल एवं डीजल में सब्सिडी में 380 करोड़ रुपये की बचत में राज्य सरकार केन्द्र सरकार को सहयोग देती है।

इसी तरह गुजरात सरकार के सकारात्मक प्रयत्नों से केन्द्र सरकार को तकरीबन 660 करोड़ रुपये की सब्सिडी के रूप में बचत होती है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सकार से मांग करता हूं कि अहमदाबाद एवं गुजरात के अन्य शहरों में दिल्ली और मुम्बई की तरह ए.पी.एम. के तहत सस्ता सीएनजी गैस उपलब्ध करवाया जाए। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Shri Arjun Ram Meghwal may be associated with the matter raised by Dr. Kirit Solanki.